# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 17.05.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील डुमरियागंज पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा जनसुनवाई किया गया।**

**◆समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।**

आज दिनांक 17-05-2025 को जनपद सिद्धार्थनगर के तहसील डुमरियागंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस (तहसील दिवस) का आयोजन किया गया । जिसमें जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व उपजिलाधिकारी डुमरियागंज व क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज उपस्थित रहें। तहसील दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना-पत्रों के सम्बन्ध में जनता की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया एवं उसके निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। उक्त तहसील दिवस में राजस्व विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगण व तहसील डुमरियागंज क्षेत्र के प्रभारी निरीक्षक /थाना प्रभारी मौजूद रहे।

# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 17.05.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना खेसरहा पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

**डॉ. अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी बाँसी के कुशल पर्यवेक्षण में राघवेन्द्र प्रताप यादव प्रभारी थानाध्यक्ष खेसरहा के नेतृत्व में आज दिनांक 17.05.2025 को थाना खेसरहा पुलिस द्वारा वाद संख्या 63/12 धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर अधिनियम से सम्बन्धित एक नफर वारण्टी को ग्राम सकारपार से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

**गिरफ्तार वारण्टी का विवरण-**

**1.विश्वनाथ पुत्र सुखराज निवासी सकारपार थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।**

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

**1.उ.नि. राकेश त्रिपाठी थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।**

**2.का0 अरुण कुमार साहनी थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।**

# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 17.05.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆थाना पथरा बाजार पुलिस द्वारा गैर-इरादतन हत्या के 04 नफर वांछित अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

डॉ. अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के निर्देशन में भाग्यवती पाण्डेय प्रभारी निरीक्षक पथरा बाजार मयफोर्स द्वारा आज दिनांक 17.05.2025 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 35/2025 धारा 191(2), 191(3), 115(2), 324(2), 110 बीएनएस से संबन्धित 04 नफर वांछित अभियुक्तगण को 48 घण्टे के अन्दर खोरिया रघुवीर सिंह चौराहे से गिरफ्तार कर धारा 105, 352 बीएनएस की बढ़ोत्तरी कर विधिक कार्यवाही पुर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार वांछित अभियुक्तगण का विवरण-**

01.अशोक कुमार पाठक पुत्र जयन्त्री पाठक निवासी जमुनी पाठक थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

02.आलोक कुमार पाठक पुत्र जयन्त्री पाठक निवासी जमुनी पाठक थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

03.विनय पाठक पुत्र जयन्त्री पाठक निवासी जमुनी पाठक थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

04.अकित उपाध्याय पुत्र जटाशकर उपाध्याय निवासी करमहिया थाना रुधौली जनपद बस्ती।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

01.प्र0नि0 भाग्यवती पांडे थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

02.नि0अ0 अवधेश पांडे थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

03.उ0नि0 उदय नाथ मिश्रा थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

04.आ0 शुभम वर्मा, अनुपम मौर्य, पप्पू यादव, रितेश सिंह थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

**प्रेस नोट- दिनांक 17-05-2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में चलाये जा रहे परिवार परामर्श केंद्र जब/नई-किरण(टूटते परिवार को जोडने की एक पहल कार्यक्रम) के तहत महिला थाना द्वारा 03 परिवार के मध्य सुलह समझौता कराकर उनके परिवारो को बिखरने से बचाया गया।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देश पर आज दिनांक 17.05.2025 को महिला थाना सिद्धार्थनगर पर परिवार परामर्श केंद्र/नई किरण (टूटते परिवार को जोड़ने की एक पहल कार्यक्रम) का आयोजन किया गया। इस आयोजन में 05 पत्रावली विचारार्थ प्रस्तुत हुई, जिसमें परामर्श के बाद 03 पत्रावली का सफल निस्तारण कर 03 परिवारों को बिखरने से बचाया गया व 02 पत्रावली में वार्ता प्रचलित है 03 परिवार को बिखरने से बचाने में थानाध्यक्ष श्रीमती मीरा चौहान उपनिरीक्षक राम नारायण शुक्ला ,उप निरीक्षक मीरा वर्मा, म0हे0का सत्या त्रिपाठी, सविता सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।**

**निस्तारित पत्रावली का विवरण निम्न है-**

**01. असरेमा पत्नी अशोक साकिन कोरई बनिया थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर।**

**02. गुड़िया पत्नी निहाल मौर्या साकिन पननी थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।**

**03. सरिता पत्नी विनोद साकिन रामपुर थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।**

# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 17.05.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆थाना जोगिया उदयपुर पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी को गिरफ्तार कर, माननीय न्यायालय भेजा गया।**

**डॉ. अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी बाँसी के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष जोगिया उदयपुर अनूप कुमार मिश्र के नेतृत्व में आज दिनांक 17.05.2025 को अपराध एंव अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना जोगिया उदयपुर से 01 नफर वारण्टी मु0नं0 933/18 धारा 323/506 भादवि थाना जोगिया उदयपुर से सम्बन्धित वारंटी राजबब्बर पुत्र मो0 हुसेन को ग्राम हरैया से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु रवाना किया गया।**

**गिरफ्तार वारंटी का विवरण -**

**01-राजबब्बर पुत्र मो0 हुसेन साकिन हरैया थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर**

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

**1. उ0नि0 रामनेति सिंह थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।**

**2.का0 रिजवान अहमद थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।**

# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 17.05.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना पथरा बाजार पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी को गिरफ्तार कर, माननीय न्यायालय भेजा गया।**

**डॉ. अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण में भाग्यवती पाण्डेय प्रभारी निरीक्षक पथरा बाजार के नेतृत्व में आज दिनांक 17.05.2025 को अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना पथरा बाजार पुलिस द्वारा वाद संख्या 5548/2023 धारा 406 भादवि थाना पथरा बाजार से सम्बन्धित वारंटी कृष्ण पुत्र रामदेव को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु रवाना किया गया।**

**गिरफ्तार वारंटी का विवरण -**

**01- कृष्ण पुत्र रामदेव साकिन डड़वा थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।**

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

**1. उ० नि० सुभाष प्रजापति थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।**

**02-का0 रितेश सिंह थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।**

**प्रेस नोट दिनांक 17.05.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा थानाक्षेत्र इटवा में निर्माणाधीन पुलिस पिंक बूथ व पिंक बूथ डुमरियागंज का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।**

आज दिनांक 17.05.2025 को डॉ अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा थानाक्षेत्र इटवा में निर्माणाधीन पुलिस पिंक बूथ व पिंक बूथ डुमरियागंज का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता, और समयबद्धता का जायजा लिया। इस अवसर पर संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों को निर्माण कार्य को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि पुलिस पिंक बूथ का निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के मानकों के अनुरूप हो, जिसमें सुरक्षा, स्वच्छता, और बुनियादी सुविधाओं जैसे पेयजल, बिजली, और संचार उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने और कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की हिदायत दी गयी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने और किसी भी तकनीकी या प्रशासनिक बाधा को तत्काल दूर करने के लिए कहा। इस दौरान क्षेत्राधिकारी इटवा व डुमरियागंज, प्रभारी निरीक्षक इटवा, डुमरियागंज व अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण मौजूद रहे।

**प्रेस नोट दिनांक 17.05.2025जनपद सिद्धार्थनगर**

◆**सिद्धार्थनगर एण्टी रोमियो स्क्वाड पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत जनपद के स्कूल-कॉलेज व भीड़-भाड़ आदि स्थानों पर मनचलों एवं शोहदों की चेकिंग की गयी।**

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में , श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में मनचलों एवं रोमियो के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 17.05.2025 को प्रभारी एण्टी रोमियो स्कवाड टीम /शक्ति मोबाइल द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत एण्टी रोमियो कार्यवाही के तहत थाना क्षेत्र उसका बाजार मे पकडी,उसका राजा,उसका रेलवे स्टेशन, चौक व स्कूल-कॉलेज/कोचिंग सेन्टर के पास तथा थाना क्षेत्र के आस-पास के मुख्य सड़को, चौराहों पर चेकिंग की गयी तथा महिला दुकानदारों से नियमित आए दिन चौराहों बाजारों आदि में अनावश्यक घूमने वाले शोहदों आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की गई, चेकिंग के दौरान कोई अप्रिय बात नहीं रही।

**प्रेस नोट दिनांक 17.05.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

◆**जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार तथा जनपद में कानून एवं शांति-व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने-अपने सर्किल/ थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पाट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहनों की गहनता से चेकिंग/पैदल गश्त कर आम जनमानस में सुरक्षा का एहसास कराया गया।**

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 17.05.2025 को समस्त क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष द्वारा आगामी त्यौहार तथा जनपद में कानून एवं शांति-व्यवस्था बनाये रखने हेतु रूट मार्च व चेकिंग किया गया तथा अपने-अपने सर्किल/ थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पाट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में पड़ने वाले भीड़-भाड़ वाले स्थानों के आस पास के क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहनों की गहनता से चेकिंग/पैदल गश्त तथा आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुये जनसंवाद स्थापित किया गया व आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।